हादसा ड्राइवर का रात में किया गया रेस्क्यू, जबकि कंडक्टर को सुबह निकाला

कोयले से लदा अनियंत्रित ट्रक नदी में गिरा





नौरोजाबाद नवभारत 1 नवंबर। उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत उचेहरा और घोरचत्र नदी के बीच देर रात करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। शहडोल से कटनी की ओर जा रहा कोयले से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा।

हादसे के वक्त ट्रक में ड्राइवर और खलासी सवार थे, जो दुर्घटना के बाद ट्रक में ही फंस गए। आधी रात हुए इस हादसे की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। रेस्क्यू के लिए क्रेन और जेसीबी मशीनें बुलाई गईं। काफी मशक्कत के बाद बचाव दल ने ट्रक चालक भगवान दास को बाहर निकाल लिया, जिन्हें उपचार के लिए पाली अस्पताल भेजा गया है।

9 घंटे कोयले के बीच दबा रहा कंडक्टर

कंडक्टर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और लगभग 9 घंटे कोयले के बीच दबे हुए कंडक्टर को घायल अवस्था में बाहर निकाल कर 108 की मदद से पाली अस्पताल भेजा गया। इधर, हाईवे पर हुए इस हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और कुछ देर जाम की स्थिति भी बनी रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क के किनारे से वाहनों को निकालने की व्यवस्था की। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे बहाल हो गया।

जंगल में युवक पर भालू का हमला, गंभीर घायल

आंख, सिर और हाथ में आईं गंभीर चोटें, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी



डिंडौरी, नवभारत 1 नवंबर। करंजिया ब्लॉक क्षेत्र में जंगल में लकड़ी काटने गए 31 वर्षीय युवक पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी आंख, सिर और हाथ में चोटें आई हैं। घायल की पहचान धर्मेन्द्र पंद्राम के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र पंद्राम दोपहर करीब 1 बजे लकड़ी काटने के लिए जंगल गया था। इसी दौरान अचानक उसका सामना भालू से हो गया। इससे पहले कि युवक संभल पाता, भालू ने उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के प्रयास में युवक को आंख, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजिया लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

वन विभाग के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे-घायल की पत्नी लामिया से बातचीत के दौरान घटना की जानकारी सामने आई। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे और घायल की स्थिति की जानकारी ली। जंगल में लकड़ी लेने गए युवक पर हुए इस हमले के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की मौजूदगी और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। फिलहाल घायल युवक का उपचार जारी है।



सागौन लकड़ी से लोड पिकअप किया जब्त

तस्करी का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

नौरोजाबाद नवभारत 1 नवंबर। वन परिक्षेत्र में अवैध सागौन तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लकड़ियों से लोड एक पिकअप वाहन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार रात में वन विभाग की टीम सघन गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर वन परिक्षेत्र नौरोजाबाद अंतर्गत रहठा क्षेत्र के ग्राम बांदर चुआ और खैरखा के बीच तालाब के पास तड़के करीब 2:30 बजे घेराबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 5398 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में बिना वैध दस्तावेज के परिवहन की जा रही सागौन की 12 सिल्ली बरामद की गई। वन अमले ने मौके पर ही लकड़ी और पिकअप वाहन जब्त कर लिया।

वन विभाग ने शुरू की जांच

वाहन मालिक की पहचान ग्राम हड़हा निवासी रवि विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मामले में जगतपाल बैगा को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। वन विभाग ने वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लकड़ी कहां से काटी गई और उसे कहां ले जाया जा रहा था,इसकी जांच शुरू कर दी है।

फरार 3 हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

इंदवार पुलिस ने कटनी के माधवनगर से पकड़ा, न्यायालय ने जेल भेजा



नवभारत चिल्हारी 1 नवंबर। जिले की इंदवार पुलिस ने छह वर्षों से फरार चल रहे तीन हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को कटनी जिले के माधवनगर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना इंदवार में वर्ष 2020 में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी आशीष घोसी फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को उसके संबंध में जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को माधवनगर, कटनी से गिरफ्तार कर लिया।

एसपी में मार्गदर्शन में की गई थी कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा और एसडीओपी उमरिया पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इंदवार के नेतृत्व में की गई। आरोपी की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक वेद प्रकाश सिंह एवं प्रधान आरक्षक गौरव तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चिल्हारी क्षेत्र के गोंड मोहल्ले में गहराया बिजली संकट

25 केवी की जगह 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



नवभारत चिल्हारी 1 नवंबर। जिले के भरेवा विद्युत स्टेशन अंतर्गत सब स्टेशन चिल्हारी के क्षेत्र में स्थित पतंगु सिंह गोंड मोहल्ले में बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। यहां लगा 25 केवी क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर आए दिन ओवरलोड के चलते जल जाता है, जिससे ग्रामीणों को बार-बार बिजली संकट का सामना करना पड़ता है।

मोहल्ले में लगभग 100 आदिवासी परिवार निवासरत हैं। घरेलू बिजली उपयोग के साथ बढ़ते विद्युत भार के कारण 25 केवी का ट्रांसफार्मर पर्याप्त साबित नहीं हो रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि वर्तमान ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि बार-बार होने वाली समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

जनविश्वास शिविर में दिया था आवेदन-ग्रामीणों द्वारा जनविश्वास शिविर कार्यक्रम में भी इस समस्या को लेकर आवेदन दिया गया था। इसके अलावा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान को भी पत्र सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बावजूद आज तक ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई है।

नव भारत फालोअप

मंडी में धान खरीद निरंक, वेयरहाउस में हजारों बोरों का हिसाब कौन देगा?

गणेशपुर से खनूजा राइस मिल तक जांच के घेरे में धान का स्रोत, सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के पत्राचार से उठे नए सवाल

डिंडौरी, नवभारत 1 नवंबर। जिले में धान के कारोबार, भंडारण और मिलिंग से जुड़े मामलों में अब सरकारी दस्तावेज ही कई असहज सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ खनूजा राइस मिल परिसर स्थित मेकलसुता वेयरहाउस में धान का भंडारण मिला, लेकिन कृषि उपज मंडी समिति के रिकॉर्ड में वर्ष 2025-26 के दौरान मिल द्वारा मंडी के माध्यम से व्यापारियों से की गई खरीद-बिक्री का ब्योरा निरंक बताया गया।

दूसरी तरफ गणेशपुर स्थित राइस मिल में बिजली कनेक्शन कटने के बाद भी मिलिंग गतिविधियों के संचालन, अचानक जनरेटर पहुंचने और करीब 36 लाख रुपये के बिजली बिल के भुगतान का घटनाक्रम सामने आया है।

पूरी प्रक्रिया की जांच जरूरी -दोनों मामलों में सामने आए दस्तावेज और घटनाक्रम को एक साथ रखकर देखा जाए तो धान की आवक, उसके स्वामित्व, भंडारण, मिलिंग और सरकारी चावल की आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया की जांच जरूरी हो जाती है। सवाल यह भी है कि कहीं अलग-अलग दिखाई दे रहे ये घटनाक्रम किसी एक बड़ी व्यवस्था की ऐसी कड़ियां तो नहीं, जिनका हिसाब अब तक सामने नहीं आया है?

मंडी सचिव से मांगी गई थी जानकारी-दरअसल, 12 अक्टूबर 2026 को खनूजा राइस मिल परिसर के निरीक्षण के दौरान अनीता वेयरहाउस और मेकलसुता वेयरहाउस में धान का भंडारण पाया गया था। जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन भारती मेरावी ने 16 अक्टूबर को पत्र क्रमांक 349 के माध्यम से मंडी सचिव से जानकारी मांगी थी कि मिलर ने किन व्यापारियों से, किस तारीख को और कितनी मात्रा में धान खरीदा है। साथ ही इस तरह की खरीद के संबंध में लागू नियमों और निर्देशों की जानकारी भी मांगी गई थी।

मंडी समिति का रिकॉर्ड निरंक, फिर वेयरहाउस में धान कैसे पहुंचा?-इसके जवाब में कृषि उपज मंडी समिति ने 21 अक्टूबर को पत्र क्रमांक 332 जारी कर बताया कि वर्ष 2025-26 में खनूजा राइस मिल द्वारा अन्य व्यापारियों से मंडी के माध्यम से किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय नहीं किया गया। इसलिए चाही गई जानकारी निरंक है। इसके साथ पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट भी संलग्न की गई। अब यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मंडी के माध्यम से धान की खरीद का कोई रिकॉर्ड नहीं है तो मेकलसुता वेयरहाउस में भंडारित धान किस स्रोत से आया? मिलर की ओर से धान व्यापारियों से खरीदकर भंडारित करने की बात कही गई थी, लेकिन मंडी समिति के रिकॉर्ड में इस खरीद की पुष्टि नहीं होती।

439.135 मीट्रिक टन सीएमआर चावल का हिसाब भी जरूरी-मामले का एक और महत्वपूर्ण पहलू सरकारी दस्तावेजों में दर्ज 439.135 मीट्रिक टन सीएमआर चावल की शेष मात्रा है। इस चावल की वर्तमान स्थिति क्या है? निर्धारित समय में इसकी आपूर्ति हुई या नहीं? यदि आपूर्ति नहीं हुई तो चावल कहां रखा गया है और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी है? इसके साथ यह भी जांचना जरूरी है कि धान की आवक, मिलिंग और तैयार चावल की मात्रा का आपस में मिलान होता है या नहीं।

मढ़ियारास, हरिहर और गणेशपुर की कड़ियां भी जांच में दायरे में आएं-जिले में मढ़ियारास और हरिहर राइस मिल से जुड़े धान के उठाव, मंडी अनुज्ञप्तियों, किसानों के नाम पर खरीद और परिवहन को लेकर पहले से सवाल उठ रहे हैं। हरिहर वेयरहाउस से धान के परिवहन और मंडी रिकॉर्ड में दर्ज खरीद के आंकड़ों को लेकर जांच भी चल रही है। ऐसे में गणेशपुर और खनूजा राइस मिल से जुड़े मामलों की भी स्वतंत्र रूप से जांच करते हुए यह देखना जरूरी है कि कहीं धान के स्रोत, भंडारण, मिलिंग और परिवहन की प्रक्रिया में कोई साझा कड़ी तो नहीं है।

पत्राचार से आगे बढ़ेगी जांच या फिर फाइलों में ही उलझेगा धान का हिसाब?-बहरहाल, अब मामला केवल एक वेयरहाउस में मिले धान या किसी मिल के बिजली बिल तक सीमित नहीं रह गया है। मंडी समिति का निरंक जवाब, वेयरहाउस में धान का भंडारण, गणेशपुर मिल का बिजली कनेक्शन कटना, जनरेटर का पहुंचना और सीएमआर चावल की शेष मात्रा जैसे अलग-अलग तथ्य एक व्यापक जांच की जरूरत बता रहे हैं। जिला प्रशासन, सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, कृषि उपज मंडी समिति और बिजली विभाग को अपने-अपने रिकॉर्ड का मिलान कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

जांच के दायरे में अब ये सवाल

- जब मंडी समिति के पोर्टल रिकॉर्ड में वर्ष 2025-26 के दौरान खनूजा राइस मिल का मंडी के माध्यम से क्रय-विक्रय निरंक है, तो मेकलसुता वेयरहाउस में भंडारित धान का वास्तविक स्रोत क्या है?
- मिलर द्वारा व्यापारियों से धान खरीदने का दावा किया गया है तो उन व्यापारियों के नाम, भुगतान की रसीदें, बिल और परिवहन दस्तावेज कहां हैं?
- मेकलसुता और अनीता वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान कुल कितनी मात्रा में धान मिला था और वर्तमान में उसका स्टॉक कितना है?
- मंडी समिति द्वारा निरंक जानकारी दिए जाने के बाद क्या सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन ने मिलर से खरीद के मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया है?
- गणेशपुर राइस मिल का बिजली कनेक्शन 19 सितंबर को काटे जाने के बाद मिल में कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित हुईं? क्या इस अवधि का उत्पादन और स्टॉक रिकॉर्ड उपलब्ध है?
- करीब 36 लाख रुपये के बकाया बिजली बिल में से पहले 12 लाख और फिर शेष लगभग 24 लाख रुपये जमा कराने की परिस्थितियां क्या थीं? भुगतान के स्रोत और तारीखों का सत्यापन हुआ है?
- बकाया बिजली बिल का शेष भुगतान होने से एक दिन पहले विशाल जनरेटर मिल परिसर में क्यों पहुंचा? क्या उसका उपयोग मिलिंग अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया गया?
- सरकारी दस्तावेजों में दर्ज 439.135 मीट्रिक टन सीएमआर चावल की शेष मात्रा कहां है? क्या उसका भौतिक सत्यापन कराया गया है?
- गणेशपुर मिल में धान की आवक, मिलिंग और सीएमआर चावल की आपूर्ति के आंकड़ों का मिलान संबंधित सरकारी एजेंसियों के रिकॉर्ड से हुआ है?
- मढ़ियारास, हरिहर और गणेशपुर के मामलों में धान के स्रोत, मंडी अनुज्ञप्तियों, परिवहन वाहनों और भंडारण से संबंधित कोई साझा कड़ी सामने आती है या नहीं?
- क्या जिला प्रशासन सभी संबंधित मिलों के बिजली खपत रिकॉर्ड, जनरेटर उपयोग, स्टॉक रजिस्टर, वेयरहाउस प्रविष्टियों और परिवहन दस्तावेजों की संयुक्त जांच कराएगा?

सांसद ने भगवान शिव का अभिषेक कर की सुख-समृद्धि की कामना



बाबा केदारनाथ के दरबार पहुंचीं हिमाद्री सिंह

नवभारत चिल्हारी 1 नवंबर। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने आज बाबा केदारनाथ के दिव्य दर्शन किए और विधि-विधान से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बाबा केदारनाथ से देश और क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। सांसद हिमाद्री सिंह ने अपने सोशल मीडिया एवं नवभारत को पोस्ट के जरिए केदारनाथ धाम में दर्शन और अभिषेक की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने इसे अपने लिए परम सौभाग्य का अवसर बताया। उन्होंने बाबा केदारनाथ से समस्त देशवासियों और क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। सांसद ने पोस्ट के अंत में 'हर हर महादेव' का जयघोष करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की।

सामुदायिक जर्जर भवन दे रहा हादसे को न्यौता

छत की दिख रहीं सरिया, दीवारों में आई दरारें



नवभारत चिल्हारी 1 नवंबर। जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन इन दिनों बदहाली का शिकार है। भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि छत का प्लास्टर उखड़ने से लोहे के सरिए दिखाई देने लगे हैं। वहीं, दीवारों में जगह-जगह गहरी दरारें आ गई हैं और छत भी क्षतिग्रस्त होकर कमजोर हो चुकी है।बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर स्थित यह सामुदायिक भवन कभी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। लेकिन लंबे समय से मरम्मत और देखरेख के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

तत्काल मरम्मत कार्य करने की मांग-स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की जर्जर हालत को देखते हुए यहां किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों ने संबंधित ग्राम पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक भवन का निरीक्षण कराकर तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित रहे और आम नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।



जिले और संभाग की टीमें दिखा रहीं दमखम

विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

शहपुरा नवभारत 1 नवंबर। वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ जिले और संभाग स्तर के कबड्डी खिलाड़ी उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। विधायक कप के माध्यम से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से टीमों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मैदान में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है।

आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता में विजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये रखा गया है। तीन दिवसीय इस खेल आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना है। विधायक कप प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में भी उत्साह देखा जा रहा है।

स्थापना दिवस मप्र स्थापना दिवस एवं खंड स्तरीय छात्रावास/आश्रम दिवस का आयोजन

बालिकाओं ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति



शहपुरा नवभारत 1 नवंबर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एसडीएम शहपुरा फरहान इरफान जमादार आईएएस के निर्देशन में आश्रम छात्रावास दिवस कार्यक्रम विकासखंड शहपुरा के समस्त आश्रम एवं छात्रावास में आयोजित किए गए।

इसी क्रम में अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला शहपुरा में आश्रम दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुकेश साहू नगर परिषद उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि आरएस गुरुदेव पीडी पटेल, जीपी साहू बीआरसीसी, केके अग्रवाल सेवानिवृत शिक्षक, अश्विनी साहू अमर उलाड़ी जनशिक्षक रहे। अतिथियों द्वारा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास आश्रम दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान आश्रम की बालिकाओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

विभिन्न प्रतियोगिताओं मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। छात्रावासी विद्यार्थी महिमा, पूर्णिमा, सोनम, स्वाति, भुनेश्वरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय परिवार से अधीक्षिका रेखा गोलिया, प्रधानाध्यापिका चंद्ररेखा श्रीवास्तव, यशोदा साहू, अंशुल सोनी, इस्माइल खान, पार्वती, पुनिया बाई उपस्थित रहीं। कक्षा चौथी की शिवानी धुर्वे को सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार प्रदान किया गया।



सेवानिवृत्त प्रयोगशाला सहायक शिक्षक को शॉल-श्रीफल भेंट कर दी विदाई

शहपुरा नवभारत 1 नवंबर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर के संतोष कुमार विश्वकर्मा प्रयोगशाला सहायक शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय स्टाफ द्वारा एक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संतोष कुमार विश्वकर्मा का तिलक वंदन कर फूल माला व श्रीफल तथा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सेवानिवृत्त संतोष कुमार विश्वकर्मा ने उपस्थित शिक्षक, शिक्षिका, छात्र-छात्राओं, एवं अभिभावक का आभार प्रकट किया। मानिकपुर के सभी संस्थाओं के स्टाफ व ग्राम के गणमान्य नागरिक, शिक्षक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

The Andhra Pradesh Mineral Development Corporation Limited
Door No. 294/10, 100 feet Road (Tadigadapa to Enikepadu Road).
Kanuru. Vijayawada-521137, Andhra Pradesh, India
Tel: +91-866-2429999 Fax: +91-866-2429977
Email: contracts-ho@apmdc.in

E- TENDER

SALE OF 'RAW COAL' PRODUCED from Suliyari Coal Mine, Madhya Pradesh State.

Tender No. APMDC/P&C/Sale of Raw Coal-SCM/2026-27, Date: 02.11.2026

APMDC invites E-tenders from reputed contractors for **SALE OF 'RAW COAL' PRODUCED from Suliyari Coal Mine, Madhya Pradesh State.** For more information on the eligibility criteria, tender fees, timelines and other details, please visit e-procurement website of **GOAP (www.tender.apeprocurement.gov.in)** or APMDC website (www.apmdc.ap.gov.in). The tender document will be available for download from 02.11.2026 onwards and last date for bid submission is 23.11.2026.

Place: Vijayawada Sd/- Managing Director
Date: 02nd November 2026 The A. P. Mineral Development Corporation Limited